# PROFESSIONAL EXAMINATION BOARD
## High School Teacher Eligibility Test 2018
## 2nd Feb 2019 02:30PM

Topic:- GENERAL HINDI

1) **CANCELLED**

**'ईशा' का शुद्ध रूप निम्न में से कौन सा है?**

1. ईसा
2. ईषा
3. ईश
4. इशा

**Correct Answer :-**

- ईसा

2) **"सुशांत" शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग और मूल शब्द के लिए सही विकल्प चुनें।**

1. सू + शांत
2. सु + शांत
3. सु + अशांत
4. सुष + अंत

**Correct Answer :-**

- सु + शांत

3) **'मखमल के झूले पड़े, हाथी सा टीला' में कौन सा अलंकार है?**

1. रूपक
2. अतिश्योक्ति
3. पूर्णोपमा

4. लुप्तोपमा

**Correct Answer :-**

- लुप्तोपमा

**4) व्याकरण में भाषा का विश्लेषण किस स्तर पर नहीं किया जाता है?**

1. ध्वनि तथा उच्चारण के स्तर पर
2. वाक्य रचना के स्तर पर
3. शब्दावली तथा अनुवाद के स्तर पर
4. लिपि तथा वर्तनी के स्तर पर

**Correct Answer :-**

- शब्दावली तथा अनुवाद के स्तर पर

**5) दिए गए शब्द के लिए सही पर्यायवाची वाले शब्दों की पंक्ति को चुनिए - कामदेव**

1. दामोदर, केशव, मधुरिपु, गोविंद
2. आदित्य, अज, प्राज्ञ, कोविद
3. भूदेव, मार्तंड, प्रभाकर, ललाम
4. मदन, कंदर्प, मन्मथ, मनोज

**Correct Answer :-**

- मदन, कंदर्प, मन्मथ, मनोज

**6) 'अगम' का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है?**

1. सुगम
2. दुर्गम
3. आगम
4. आवागमन

**Correct Answer :-**

- सुगम

**7) 'नरसिंह' में कौन सा समास है?**

1. अव्ययीभाव समास
2. तत्पुरुष समास
3. कर्मधारय समास
4. द्विगु समास

**Correct Answer :-**

- कर्मधारय समास

---

**8) 'रीता गाना गाती है' में कौन सा वाच्य है?**

1. भाववाच्य
2. कर्मवाच्य
3. इनमें से कोई नहीं
4. कर्तृवाच्य

**Correct Answer :-**

- कर्तृवाच्य

---

**9) 'अँगुली उठाना' मुहावरे का अर्थ निम्न विकल्पों में से कौन सा है?**

1. दोष निकालना
2. दोष न निकलना
3. दोष निगलना
4. दोषी को निकालना

**Correct Answer :-**

- दोष निकालना

---

**10) 'जहाँ जाना न संभव हो' के लिये एक शब्द निम्न में से कौन सा है?**

1. अगम्या
2. अगम्य

3. आगम्य

4. अगमय

**Correct Answer :-**

- अगम्य

Topic:- GENERAL ENGLISH

**1) Choose the option that best expresses the meaning of the highlighted idiom/phrase:**

**This television program is for the birds.**

1. bird lovers

2. bird watchers

3. Worthless

4. people who are dim witted

**Correct Answer :-**

- Worthless

**2) A sentence with an underlined word is given below. Choose the correct option which is closest in meaning to the underlined word.**

**He seems to be harmless. We cannot accuse him of chicanery.**

1. violence

2. short-temper

3. theft

4. dishonesty

**Correct Answer :-**

- dishonesty

**3) Out of the following options, choose the most appropriate tense that best fills in to complete the given sentence:**

**She ________a pretty dress to the party.**

1. wears

2. wearing

3. wear

4. wore

**Correct Answer :-**

- wore

---

**4)** **Choose the option that correctly sequences the following sentences.**

**1. Manufacturers and assemblers dump defective pieces and they produce 1,050 tonnes of electronic scrap annually.**
**2. The problem may not be alarming since India has a robust second-hand market for most electronic gadgets.**
**3. Though data on e-waste is not easily available, Toxics link, an NGO focusing on toxicity-related issues, estimates that 1.38 million computers are junked every year in India.**
**4. There are 85 million TV sets, 20 million mobile handsets and nine million computers in the country.**
**5. Not to mention other electronic gadgets like television sets and audio systems that are routinely junked.**

1. 13425

2. 31542

3. 54231

4. 32145

**Correct Answer :-**

- 31542

---

**5)** **Out of the following four options, choose the incorrect sentence:**

1. Our products is more expensive than other products.

2. Our products are less expensive than other products.

3. All the other products are more expensive than ours.

4. We are selling our products cheaper than others.

**Correct Answer :-**

- Our products is more expensive than other products.

**6) Out of the following options, choose the correct form of adverb for the given sentence:**

**He speaks English ______.**

1. nicely
2. good
3. plainly
4. well

**Correct Answer :-**

- well

**7) Out of the following options, choose the correct form of verb that is in agreement with the subject for the given sentence:**

**Standing at the professor's lectern ______ two students.**

1. is
2. has
3. were
4. have

**Correct Answer :-**

- were

**8) Out of the following options, choose the most appropriate usage to fill in the blank:**

**He has been treated _________.**

1. hastily
2. angrily
3. shamefully
4. arrogantly

**Correct Answer :-**

- shamefully

Topic:- GENERAL KNOWLEDGE

**1) Who among the following is NOT a member of Cabinet Committee on Security? /**

**निम्नलिखित में से कौन सुरक्षा पर कैबिनेट समिति का सदस्य नहीं है?**

1. Minister of External Affairs / विदेश मामलों के मंत्री
2. Minister of Finance / वित्त मंत्री
3. Minister of Law & Justice/ कानून और न्याय मंत्री
4. Minister of Defence / रक्षा मंत्री

**Correct Answer :-**

- Minister of Law & Justice/ कानून और न्याय मंत्री

**2) Koneru Humpy is related to which of the following games? /**

**कोनेरू हम्पी निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित हैं?**

1. Chess / शतरंज
2. Badminton / बैडमिंटन
3. Tennis / टेनिस
4. Boxing / मुक्केबाजी

**Correct Answer :-**

- Chess / शतरंज

**3) Name the Thermal Power project that has been promoted by Madhya Pradesh Power generating Company at Khandwa district in 2015. /**

**उस थर्मल पावर प्रोजेक्ट का नाम बताइये, जिसे 2015 में मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में स्थित पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा प्रोत्साहित किया गया है।**

1. Banas Thermal Power Project / बनास थर्मल पावर प्रोजेक्ट
2. Vindhyachal Super Thermal Power Station / विंध्याचल सुपर थर्मल पावर स्टेशन
3. Shree Singaji Thermal Power Station / श्री सिंगाजी थर्मल पावर स्टेशन

4. Bansagar Power Project / बाणसागर पावर प्रोजेक्ट

**Correct Answer :-**

- Shree Singaji Thermal Power Station / श्री सिंगाजी थर्मल पावर स्टेशन

---

**4) Name the agency that launched Global Pulses Research Platform near Bhopal on Feb 2016? /**

**उस एजेंसी का नाम बताइये जिसने फरवरी 2016 में भोपाल के पास ग्लोबल पल्सेस रिसर्च प्लेटफार्म शुरू किया।**

1. IIPR
2. CPCRI
3. ICARDA
4. CRRI

**Correct Answer :-**

- ICARDA

---

**5) Consider the following statements about the Niramaya Scheme of Madhya Pradesh government. Choose the correct one. /**

**मध्य प्रदेश सरकार की निर्माया योजना के विषय में दिए गए निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही कथन चुनिए।**

1. The scheme provides different coverage for different disabilities. /

   यह योजना विभिन्न विकलांगताओं के लिए अलग-अलग कवरेज प्रदान करती है।

2. The scheme provides same coverage for the beneficiaries irrespective of the type of disability. /

   यह योजना, विकलांगता के प्रकार से परे लाभार्थियों को समान कवरेज प्रदान करती है।

3. Persons with developmental disabilities are not eligible for the scheme. /

   विकासीय विकलांगताओं वाले व्यक्ति इस योजना के लिए योग्य नहीं हैं।

4. Certain criteria are mentioned for selection of persons with developmental disability for the scheme. /

   योजना के लिए विकासीय विकलांगता वाले व्यक्तियों के चयन हेतु कुछ मानदंडों का उल्लेख किया गया है।

**Correct Answer :-**

- The scheme provides same coverage for the beneficiaries irrespective of the type of disability. / यह योजना, विकलांगता के प्रकार से परे लाभार्थियों को समान कवरेज प्रदान करती है।

---

**6) Carotenes are found in _____. / कैरोटीन ____ में पाया जाता है।**

1. milk / दूध
2. carrot / गाजर
3. meat / मांस
4. lemon / नींबू

**Correct Answer :-**

- carrot / गाजर

---

**7) To attract the investments into Textile Sector, MP government has provided an interest subsidy for the textile projects for ___ years at a rate of 5%. /**

**वस्त्र क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए, मध्यप्रदेश सरकार ने कपड़ा परियोजनाओं को 5 प्रतिशत की दर से ___ वर्षों के लिए ब्याज सब्सिडी प्रदान की है।**

1. three / तीन
2. seven / सात
3. eight / आठ
4. five / पांच

**Correct Answer :-**

- five / पांच

---

**8) How many part-time members are there in the MP State Planning Commission? /**

**मध्यप्रदेश राज्य योजना आयोग में कितने अंशकालिक सदस्य हैं?**

1. Six / छ:
2. Eleven / ग्यारह
3. Five / पांच
4. Eight / आठ

**Correct Answer :-**

- Eleven / ग्यारह

---

**9) Which of the following districts is not a part of the project - "Increasing Adaptive Capacity to Climate Change through Developing of Climate-Smart Villages" implemented by SKMCCC, EPCO, Department of Environment, GoMP? /**

**निम्नलिखित में से कौन सा जिला, मध्यप्रदेश सरकार के एसकेएमसीसीसी, ईपीसीओ, पर्यावरण विभाग के द्वारा क्रियान्वित "जलवायु-स्मार्ट गांवों के विकास के माध्यम द्वारा जलवायु परिवर्तन में अनुकूली क्षमता बढ़ाना" परियोजना का एक हिस्सा नहीं है?**

1. Sehore / सीहोर

2. Bhopal / भोपाल

3. Rajgarh / राजगढ़

4. Satna / सतना

**Correct Answer :-**

- Bhopal / भोपाल

---

**10) __________ is the only museum in India which houses contemporary folk and tribal art together with urban art. /**

**__________, भारत का एकमात्र संग्रहालय है जो समकालीन लोक और जनजातीय कला को शहरी कला के साथ संयुक्त रूप से रखता है।**

1. Anhad / अनहद

2. Vagarth / वर्गथ

3. Rangmandal / रंगमंडल

4. Roopankar / रूपांकर

**Correct Answer :-**

- Roopankar / रूपांकर

---

Topic:- GENERAL REASONING

**1) Find the missing number: / लुप्त संख्या ज्ञात करें:**

**26, 37, 50, 65, _____, 101**

1. 80

2. 81

3. 82

4. 77

**Correct Answer :-**

- 82

**2) Find the average. / औसत ज्ञात करें।**

**65, 89, 100, 98, 89 & 75**

1. 100

2. 86

3. 89

4. 105

**Correct Answer :-**

- 86

**3) The below series uses a sequence of alphabets and numbers. Identify the incorrect combination: /**

**नीचे दी गई श्रृंखला अक्षरों एवं संख्याओं का अनुक्रम प्रयोग करती है। गलत संयोजन पहचानें।**

**(i)AY72AS81HR**

**(ii) AY72AS81HR**

**(iii) AY7ZAS81HR**

**(iv) AY72AS81HR**

1. ii

2. iv

3. i

4. iii

**Correct Answer :-**

- iii

**4) Which one of the following four addresses is NOT EXACTLY same as the one given below?/**

**निम्नलिखित दिए गए चार पतों में से नीचे दिए गए पते के ठीक समान कौन सा एक नहीं है?**

**2 Sukhumvit Soi 57 Klongtan Nua,
Wattana Wattana Bangkok, 10, 10110, Thailand
+66 2 797 0000**

**(i) 2 Sukhumvit Soi 57 Klongtan Nua,
Wattana Wattana Bangkok, 10, 10110, Thailand
+66 2 797 0000**

**(ii) 2 Svkhumvit Soj 57 Klongtan Nua,
Wattona Wattana Bangkok, 10, 10110, Thailand
+66 2 797 0000**

**(iii) 2 Sukhumvit Soi 57 Klongtan Nua,
Wattana Wattana Bangkok, 10, 10110, Thailand
+66 2 797 0000**

**(iv) 2 Sukhumvit Soi 57 Klongtan Nua,
Wattana Wattana Bangkok, 10, 10110, Thailand
+66 2 797 0000**

1. ii

2. iv

3. i

4. iii

**Correct Answer :-**

- ii

---

**5) A tyre has two punctures. The first puncture alone would have make the tyre flat in 7 minutes and the second alone would have done it in 4 minutes. If air leaks out at a constant rate, then how long does it take for both the punctures together to make it flat? /**

**एक टायर में दो पंचर हैं। अकेले पहले पंचर से टायर को सपाट होने में 7 मिनट का समय लगता है और अकेले दूसरे पंचर से इसे 4 मिनट का समय लगता है। यदि हवा एक नियत दर से बाहर रिसती है, तो दोनों पंचर होने पर टायर के सपाट होने में कितना समय लगेगा?**

1. $6\frac{11}{2}$ min / $6\frac{11}{2}$ मिनट

2. $2\frac{6}{11}$ min / $2\frac{6}{11}$ मिनट

3. $11\frac{6}{3}$ min / $11\frac{6}{3}$ मिनट

4. $3\frac{6}{11}$ min / $3\frac{6}{11}$ मिनट

**Correct Answer :-**

- $2\frac{6}{11}$ min / $2\frac{6}{11}$ मिनट

6) If X and Y are two sets such that n(X) = 23, n(Y) = 39 and n(X∪Y) = 49, then find n(X∩Y). / यदि X और Y दो सेट इस प्रकार हैं कि n(X) = 23, n(Y) = 39 और n(X∪Y) = 49, तो n(X∩Y) ज्ञात करें।

1. 13
2. 10
3. 12
4. 11

**Correct Answer :-**

- 13

**7) If A = 1, LOT = 47, then MAT = ? /**

**यदि A = 1, LOT = 47, तो MAT = ?**

1. 34
2. 40
3. 66
4. 51

**Correct Answer :-**

- 34

Topic:- PEDAGOGY

**1) The law of readiness was formulated by: /**

**तत्परता के सिद्धांत का प्रतिपादन निम्न ने किया था:**

1. Gagne / गैने

2. Thorndike / थॉर्नडाइक

3. Pavlov / पैवलॉव

4. Skinner / स्किनर

**Correct Answer :-**

- Thorndike / थॉर्नडाइक

**2) _____________ involves thinking reflectively and productively, and evaluating the evidence. /**

**_____________ में विचारमग्न ढंग से तथा उत्पादक रूप से चिंतन तथा साक्ष्य का मूल्यांकन शामिल होता है।**

1. Critical thinking / गहन चिंतन

2. Abstract learning / अमूर्त अधिगम

3. Divergent thinking / अपसारी चिंतन

4. Reflection / प्रतिबिंब

**Correct Answer :-**

- Critical thinking / गहन चिंतन

**3) Interaction analysis techniques for verbal behaviour have been developed by _____________. /**

**मौखिक व्यवहार के लिए सहभागिता विश्लेषण तकनीक _______________ द्वारा विकसित की गई थी।**

1. Gagne / गैने

2. Brown / ब्राउन

3. Hurtz / हर्ट्ज

4. Flanders / फ्लैंडर्स

**Correct Answer :-**

- Flanders / फ्लैंडर्स

**4) The proponent of Trial and error learning theory was: /**

**प्रयत्न-त्रुटि अधिगम सिद्धांत निम्न के द्वारा प्रस्तावित किया गया था:**

1. Kohler / कोहलर
2. Thorndike / थॉर्नडाइक
3. Pavlov / पैवलॉव
4. Skinner / स्किनर

**Correct Answer :-**

- Thorndike / थॉर्नडाइक

---

**5) Verbs such as - *write*, *list*, *name* and *label*- when used in an examination, tests the: /**

**क्रियाएं जैसे - *लिखना, सूची, नाम और लेबल* - जब एक परीक्षा में इस्तेमाल होती हैं तो निम्न का परीक्षण करती हैं:**

1. Application level / अनुप्रयोग स्तर
2. Evaluation level / मूल्यांकन स्तर
3. Knowledge level / ज्ञान स्तर
4. Synthesis level / संश्लेषण स्तर

**Correct Answer :-**

- Knowledge level / ज्ञान स्तर

---

**6) Rewards and punishments serve as: /**

**पुरस्कार और दंड निम्न रूप में कार्य करते हैं:**

1. Extrinsic motivation / बाह्य प्रेरणा
2. Intrinsic motivation / आंतरिक प्रेरणा
3. Achievement motivation / उपलब्धि प्रेरणा
4. Competence motivation / क्षमता प्रेरणा

**Correct Answer :-**

- Extrinsic motivation / बाह्य प्रेरणा

---

**7) Armstrong was the main exponent of ________. /**

**आर्मस्ट्रांग ________ के मुख्य प्रतिपादक थे।**

1. Problem-solving method / समस्या-हल विधि
2. Demonstration method / प्रदर्शन विधि
3. Heuristic method / अनुमानी विधि
4. Project method / परियोजना विधि

**Correct Answer :-**

- Heuristic method / अनुमानी विधि

---

**8) Human zygote contains: /**

**मानव युग्मज में शामिल हैं:**

1. 23 pairs of chromosomes / 23 जोड़ी गुणसूत्र
2. 21 pairs of chromosomes / 21 जोड़ी गुणसूत्र
3. 46 pairs of chromosomes / 46 जोड़ी गुणसूत्र
4. 42 pairs of chromosomes / 42 जोड़ी गुणसूत्र

**Correct Answer :-**

- 23 pairs of chromosomes / 23 जोड़ी गुणसूत्र

---

**9) The barriers created in communication due to the dual meaning of words is a: /**

**शब्दों के दोहरे अर्थ के कारण संचार में होने वाली बाधाएं निम्न है:**

1. Educational barrier to communication / संचार के लिए शैक्षिक बाधा
2. Psychological barrier to communication / संचार के लिए मनोवैज्ञानिक बाधा
3. Semantic barrier to communication / संचार के लिए शब्दार्थ बाधा
4. Environmental barrier to communication / संचार के लिए पर्यावरणीय बाधा

**Correct Answer :-**

- Semantic barrier to communication / संचार के लिए शब्दार्थ बाधा

---

**10) Erikson believed that healthy development rests on: /**

**एरिक्सन का मानना था कि स्वस्थ विकास निम्न पर निर्भर करता है:**

1. a conflict between masculine and feminine elements. / पुरुष और स्त्री तत्वों के बीच एक संघर्ष।
2. a conflict between syntonic and dystonic tendencies. /

   समस्वरित और बिसमस्वरित प्रवृत्तियों के बीच एक संघर्ष।
3. a unresolved Electra complex. / एक अनसुलझा इलेक्ट्रा मनोग्रंथि।
4. an unresolved Oedipus complex. / एक अनसुलझा ईडिपस मनोग्रंथि।

**Correct Answer :-**

- a conflict between syntonic and dystonic tendencies. /

  समस्वरित और बिसमस्वरित प्रवृत्तियों के बीच एक संघर्ष।

---

**11) Thinking is essentially: /**

**चिंतन अनिवार्य रूप से है:**

1. a physical phenomenon / एक भौतिक घटना
2. a cognitive activity / एक ज्ञानात्मक गतिविधि
3. a psychomotor process / एक मनोप्रेरणा प्रक्रिया
4. an affective behavior / एक प्रभावशाली व्यवहार

**Correct Answer :-**

- a cognitive activity / एक ज्ञानात्मक गतिविधि

---

**12) Mnemonics are: /**

**स्मृति विज्ञान है:**

1. Economic aids / आर्थिक सहायता
2. Memory aids / स्मृति सहायक
3. Magic words / जादुई शब्द
4. Theoretical steps / सैद्धांतिक चरण

**Correct Answer :-**

- Memory aids / स्मृति सहायक

---

**13) The roots of Dialectical method of inquiry can be traced back to: /**

**जांच की द्वंद्वात्मक पद्धति के मूल का पता इनके समय से लगाया जा सकता है:**

1. Bertrand Russell / बर्ट्रेंड रसल
2. Plato / प्लेटो
3. Aristotle / अरस्तू
4. Socrates / सुकरात

**Correct Answer :-**

- Socrates / सुकरात

---

**14) Which of the following observations supports Howard Gardner's theory of multiple intelligence? /**

**निम्नलिखित में से कौन सा अवलोकन हॉवर्ड गार्डनर के बहु-बुद्धि के सिद्धान्त को समर्थित करता है?**

1. All intelligences are similar to each other. / सभी बुद्धिमत्ताएं, एक-दूसरे के समान होती हैं।
2. Intelligence is an interaction of analytical, creative, and practical intelligences. / बुद्धि, विश्लेषणात्मक, रचनात्मक और व्यावहारिक बुद्धिमत्ता की एक अंतःक्रिया है।
3. It is impossible to mold all the intelligences in a classroom. / एक कक्षा में सभी बुद्धिमत्ताओं को ढालना असंभव है।
4. Different intelligences are hierarchical in nature. / विभिन्न बुद्धिमत्ताएं, प्रकृति में पदानुक्रमिक होती हैं।

**Correct Answer :-**

- Intelligence is an interaction of analytical, creative, and practical intelligences. / बुद्धि, विश्लेषणात्मक, रचनात्मक और व्यावहारिक बुद्धिमत्ता की एक अंतःक्रिया है।

---

**15) Which of the following is most important in the process of learning? /**

**अधिगम की प्रक्रिया में निम्न में से क्या सर्वाधिक महत्वपूर्ण है?**

1. Economic condition of the child / बच्चे की आर्थिक स्थिति

2. Cultural background of the child / बच्चे की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि

3. Style of learning / अधिगम की शैली

4. Examination result of the children / बच्चे का परीक्षा परिणाम

**Correct Answer :-**

- Style of learning / अधिगम की शैली

Topic:- HINDI

**1) मानव-समाज की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने के लिए हर युग में अनेक विचारक होते रहे हैं, परन्तु उनका क्षेत्र प्रायः आर्थिक, सामाजिक,या राजनीतिक ही रहा। गुरुगोविंद सिंह जी ने मनुष्य-जीवन के आंतरिक और बाह्य पक्ष के समन्वित विकास के साथ-साथ साहित्य और संस्कृति को भी महत्त्व दिया। गुरुगोविंद सिंह के रूप में हमें भक्ति, शक्ति और सरस्वती के पवित्र संगम का साक्षात्कार होता है।**

**प्रश्न 4: अन्य विचारकों के क्या क्षेत्र रहे हैं?**

1. मनुष्य-जीवन के आंतरिक और बाह्य पक्ष

2. इनमें से कोई नहीं

3. उनका क्षेत्र प्रायः आर्थिक, सामाजिक या राजनीतिक ही रहा

4. साहित्य और संस्कृति

**Correct Answer :-**

- उनका क्षेत्र प्रायः आर्थिक, सामाजिक या राजनीतिक ही रहा

**2) मानव-समाज की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने के लिए हर युग में अनेक विचारक होते रहे हैं, परन्तु उनका क्षेत्र प्रायः आर्थिक, सामाजिक,या राजनीतिक ही रहा। गुरुगोविंद सिंह जी ने मनुष्य-जीवन के आंतरिक और बाह्य पक्ष के समन्वित विकास के साथ-साथ साहित्य और संस्कृति को भी महत्त्व दिया। गुरुगोविंद सिंह के रूप में हमें भक्ति, शक्ति और सरस्वती के पवित्र संगम का साक्षात्कार होता है।**

**प्रश्न 1: मानव–समाज में कौन सा समास है?**

1. तत्पुरुष समास

2. द्वंद्व समास

3. बहुब्रीहि समास

4. द्विगु समास

**Correct Answer :-**

- तत्पुरुष समास

---

**3) मानव-समाज की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने के लिए हर युग में अनेक विचारक होते रहे हैं, परन्तु उनका क्षेत्र प्रायः आर्थिक, सामाजिक,या राजनीतिक ही रहा। गुरुगोविंद सिंह जी ने मनुष्य-जीवन के आंतरिक और बाह्य पक्ष के समन्वित विकास के साथ-साथ साहित्य और संस्कृति को भी महत्त्व दिया। गुरुगोविंद सिंह के रूप में हमें भक्ति, शक्ति और सरस्वती के पवित्र संगम का साक्षात्कार होता है।**

**प्रश्न 2: आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक में कौन सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है?**

1. ईक प्रत्यय
2. एक प्रत्यय
3. इक प्रत्यय
4. क प्रत्यय

**Correct Answer :-**

- इक प्रत्यय

---

**4) मानव-समाज की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने के लिए हर युग में अनेक विचारक होते रहे हैं, परन्तु उनका क्षेत्र प्रायः आर्थिक, सामाजिक,या राजनीतिक ही रहा। गुरुगोविंद सिंह जी ने मनुष्य-जीवन के आंतरिक और बाह्य पक्ष के समन्वित विकास के साथ-साथ साहित्य और संस्कृति को भी महत्त्व दिया। गुरुगोविंद सिंह के रूप में हमें भक्ति, शक्ति और सरस्वती के पवित्र संगम का साक्षात्कार होता है।**

**प्रश्न 3: उपर्युक्त अवतरण का उचित शीर्षक बताइये?**

1. गुरुगोविंद सिंह और समस्याएं
2. गुरुगोविंद सिंह
3. गुरुगोविंद सिंह जी की देन
4. गुरुगोविंद सिंह के रूप में हमें भक्ति, शक्ति और सरस्वती

**Correct Answer :-**

- गुरुगोविंद सिंह जी की देन

---

**5) CANCELLED**

**जो अतिथि का सत्कार न करे, उसे कहेंगे –**

1. अतिथि

2. आतिथेय

3. अमर्यादित

4. आतिथ्य

**Correct Answer :-**

- आतिथेय

**6) "रोवहु सब मिलि, आवहु भारत भाई ।**

**हा ! हा ! भारत दुर्दशा न देखी जाई ।। - यह पंक्तियाँ किसकी हैं?**

1. रामधारी सिंह दिनकर

2. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

3. श्रीधर पाठक

4. ब्रजदास रत्नाकर

**Correct Answer :-**

- भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

**7) आगे नाथ न पीछे पगहा, लोकोक्ति का अर्थ है -**

1. निश्चिन्त होना

2. भगवान् का सहारा न होना

3. जिसका कोई सगा संबंधी न हो

4. जानवर खुला छोड़ना

**Correct Answer :-**

- जिसका कोई सगा संबंधी न हो

**8) सन् 1936 ई. में प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना और प्रथम अधिवेशन किस शहर में हुआ?**

1. लखनऊ

2. भोपाल

3. दिल्ली

4. बेंगलूरू

**Correct Answer :-**

- लखनऊ

**9) यथाविधि में कौन सा समास है?**

1. अव्ययीभाव समास
2. कर्मधारय समास
3. द्वंद्व समास
4. बहुब्रीहि समास

**Correct Answer :-**

- अव्ययीभाव समास

**10) निम्न में से कौन-सी प्रवृत्ति नई कविता मे नहीं दिखाई देती है?**

1. वैविध्यमय जीवन के प्रति आत्मचेतस् व्यक्ति की प्रतिक्रिया
2. अनुभूति की प्रामाणिकता
3. बुद्धिमूलक यथार्थवादी दृष्टि
4. सामाजिक यथार्थ के प्रति रहस्यवादी दृष्टिकोण

**Correct Answer :-**

- सामाजिक यथार्थ के प्रति रहस्यवादी दृष्टिकोण

**11) रूपक के प्रकारों के लक्षणों में से निम्न में से कौन-सा कथन असंगत है?**

1. प्रहसन में करुण रस की प्रधानता होती है।
2. प्रकरण का कथानक लौकिक और कविकल्पित होता है।
3. भाण में एक ही अंक और एक ही पात्र होता है।
4. नाटक की कथा प्रख्यात और इतिहास सिद्ध होती है।

**Correct Answer :-**

- प्रहसन में करुण रस की प्रधानता होती है।

**12) आचार्य कुंतक ने वक्रोक्ति के छः भेद किए थे, उनमें से निम्न मे कौन-सा भेद नहीं है?**

1. प्रबंध वक्रता

2. वाक्य वक्रता

3. व्याकरण वक्रता

4. पद वक्रता

**Correct Answer :-**

- व्याकरण वक्रता

---

**13) आचार्य भरतमुनि ने 'नाट्यशास्त्र' में रूपक के कितने भेद किए हैं?**

1. सात

2. ग्यारह

3. दस

4. सत्रह

**Correct Answer :-**

- दस

---

**14) आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी को किस प्रकार का आलोचक माना जाता है?**

1. रूपवादी

2. सौष्ठववादी

3. मनोविश्लेषणवादी

4. शास्त्रीय

**Correct Answer :-**

- सौष्ठववादी

---

**15) महादेवी वर्मा कृत 'स्मृति की रेखाएँ' की विधा क्या है?**

1. इतिहास

2. जीवनी

3. संस्मरण

4. रेखाचित्र

**Correct Answer :-**

- रेखाचित्र

**16) राजनीति के क्षेत्र में जो समाजवाद या साम्यवाद है, साहित्य के क्षेत्र में वही निम्न है:**

1. प्रयोगवाद

2. प्रगतिवाद

3. छायावाद

4. रीतिवाद

**Correct Answer :-**

- प्रगतिवाद

**17) उसने कहा कि मै निर्दोष हूँ। – इस वाक्य को सरल वाक्य में किस प्रकार कहेंगे-**

1. जब उसने कहा तब वह निर्दोष साबित हुआ।

2. उसने अपने को निर्दोष बताया।

3. उसने कहा और वह निर्दोष है।

4. वह जनता था कि वह निर्दोष है।

**Correct Answer :-**

- उसने अपने को निर्दोष बताया।

**18) एक विपत्ति के बाद दूसरी विपत्ति आना - किस मुहावरे का अर्थ है?**

1. बिजली चमकना

2. जाल फेंकना

3. मुसीबत का पहाडा पढ़ना

4. कोढ़ में खाज होना

**Correct Answer :-**

- कोढ़ में खाज होना

**19) हम खा चुके - इसमें कौन सा वाक्य है?**

1. प्रश्नवाचक वाक्य
2. विधिवाचक वाक्य
3. आज्ञावाचक वाक्य
4. निषेधवाचक वाक्य

**Correct Answer :-**

- विधिवाचक वाक्य

---

**20) जेब भरना मुहावरे का अर्थ है -**

1. धनवान होना
2. रिश्वत लेना
3. बहादुरी दिखाना
4. उपाय करना

**Correct Answer :-**

- रिश्वत लेना

---

**21) जिसे गुप्त रखा जाय, उसे एक शब्द में क्या कहते हैं:**

1. गुप-चुप
2. गोपनीय
3. जिजीविषा
4. गुप्ता

**Correct Answer :-**

- गोपनीय

---

**22) लड़का रोटी खाता है - इस वाक्य का कर्मवाचक वाक्य होगा -**

1. लड़के के द्वारा रोटी नहीं खाई जाती है।
2. लड़के ने कहा कि वह रोटी खाता है।
3. लड़के ने रोटी खाई।

4. रोटी लड़के के द्वारा खाई जाती है।

**Correct Answer :-**

- रोटी लड़के के द्वारा खाई जाती है।

**23) तुम घर जाओ - इसमें कौन सा वाक्य है?**

1. प्रश्नवाचक वाक्य
2. विधिवाचक वाक्य
3. आज्ञावाचक वाक्य
4. निषेधवाचक वाक्य

**Correct Answer :-**

- आज्ञावाचक वाक्य

**24) तुम घर जाओ - वाक्य का निषेधवाचक वाक्य होगा -**

1. घर तुम जाओ
2. तुम घर जा सकते हो
3. तुम घर मत जाओ
4. तुम्हे घर जाना है?

**Correct Answer :-**

- तुम घर मत जाओ

**25) प्रत्येक का संधि विच्छेद कौन सा है?**

1. प्रत्य+क
2. प्रती+एक
3. प्र + एक
4. प्रति+एक

**Correct Answer :-**

- प्रति+एक

**26) अरे वाह ! तुम प्रथम आ गये - कौन सा वाक्य है?**

1. विस्मयवाचक वाक्य
2. प्रश्नवाचक वाक्य
3. आज्ञावाचक वाक्य
4. निषेधवाचक वाक्य

**Correct Answer :-**

- विस्मयवाचक वाक्य

---

**27) भगवान् तुम्हारी यात्रा सफल करे - कौन सा वाक्य है?**

1. इच्छावाचक वाक्य
2. विस्मयवाचक वाक्य
3. संकेतवाचक वाक्य
4. संदेहवाचक वाक्य

**Correct Answer :-**

- इच्छावाचक वाक्य

---

**28) प्रेमचंद के किस उपन्यास को 'किसान जीवन का महाकाव्य' कहा जाता है?**

1. गोदान
2. कायाकल्प
3. कर्मभूमि
4. गबन

**Correct Answer :-**

- गोदान

---

**29) किस कवि ने स्वयं को 'हिंदुस्तान की तूती' कहा है?**

1. रामधारी सिंह 'दिनकर'
2. कबीर
3. अमीर खुसरो

4. तुलसीदास

**Correct Answer :-**

- अमीर खुसरो

---

**30) किस काव्य-संकलन के लिए महादेवी वर्मा को 'भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार' प्रदान किया गया है?**

1. यामा
2. नीहार
3. सांध्यगीत
4. दीपशिखा

**Correct Answer :-**

- यामा

---

**31) निम्न में से पत्र का कौन-सा भेद नहीं है?**

1. सम्बन्धियों के पत्र
2. शोक पत्र
3. बधाई पत्र
4. भोज पत्र

**Correct Answer :-**

- भोज पत्र

---

**32) निम्न में से कौन शुक्ल युग के आलोचक नहीं हैं?**

1. रामकुमार वर्मा
2. हजारी प्रसाद द्विवेदी
3. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
4. ब्रजरत्नदास

**Correct Answer :-**

- हजारी प्रसाद द्विवेदी

---

**33) निम्न में से कौन-सा निबंध प्रकार हिंदी में प्रचलित नहीं है?**

1. व्यंग्य निबंध
2. ललित निबंध
3. प्रवास निबंध
4. वैचारिक निबंध

**Correct Answer :-**

- प्रवास निबंध

**34) निम्न में से कौन-सा निबंध का गुण नहीं है?**

1. आकार की सीमा
2. संक्षिप्तता
3. लेखक का व्यक्तित्व
4. भाव प्रवणता एवं सजीव भाषा शैली

**Correct Answer :-**

- संक्षिप्तता

**35) निम्न में से कौन-सा नाटक सर्वेश्वरदयाल सक्सेना कृत नहीं है?**

1. अब गरीबी हटाओ
2. बकरी
3. लड़ाई
4. आषाढ़ का एक दिन

**Correct Answer :-**

- आषाढ़ का एक दिन

**36) निम्न में से 'जयशंकर प्रसाद' द्वारा रचित रचना कौन सी है?**

1. चाँद का मुँह टेढ़ा है
2. अनामिका
3. लहर

4. नीहार

**Correct Answer :-**

- लहर

**37) निम्न में से कौन सी संक्षेपण की विशेषता नहीं है?**

1. सुसम्बद्धता

2. पूर्णता

3. संक्षिप्तता

4. संवादशीलता

**Correct Answer :-**

- संवादशीलता

**38) निम्नलिखित में से रसदोष किस स्थिति में नहीं माना जाएगा?**

1. जहाँ विभाव-अनुभाव की योजना संगत न हो।

2. जहाँ एक ही रस की बार-बार दीप्ति हो।

3. जहाँ रस की व्यंजना की सूचना उसके नाम के कथन द्वारा की जाए।

4. रस के अंगों का अनुकूल वर्णन हुआ हो।

**Correct Answer :-**

- रस के अंगों का अनुकूल वर्णन हुआ हो।

**39) निम्नलिखित में से निबंध का कौन-सा भाग नहीं है?**

1. चरित्र-चित्रण

2. उपसंहार

3. शीर्षक

4. प्रस्तावना

**Correct Answer :-**

- चरित्र-चित्रण

**40) देवनागरी लिपि का मूल स्रोत है?**

1. खरोष्ठी लिपि

2. चित्र लिपि

3. रोमन लिपि

4. ब्राह्मी लिपि

**Correct Answer :-**

- ब्राह्मी लिपि

**41) व्यंजना शब्द शक्ति के कितने उप-भेद होते हैं?**

1. नौ

2. दो

3. चार

4. तीन

**Correct Answer :-**

- दो

**42) व्यंजना से प्रतीत होने वाले अर्थ को ______ कहते हैं।**

1. प्रकरणार्थ

2. वाक्यार्थ

3. बोधार्थ

4. व्यंग्यार्थ

**Correct Answer :-**

- व्यंग्यार्थ

**43) अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना, लोकोक्ति का अर्थ है -**

1. अपनी प्रशंसा स्वयं करना

2. तोते को बोलना सिखाना

3. अपने को बहुत योग्य समझना

4. दूसरे की तारीफ करना

**Correct Answer :-**

- अपनी प्रशंसा स्वयं करना

**44) मनोज, मदन, अनंग नीचे दिए गए विकल्पों में से किसके पर्यायवाची हैं?**

1. महादेव
2. कामदेव
3. शनिदेव
4. इंद्र

**Correct Answer :-**

- कामदेव

**45) आधुनिक भारतीय भाषाओं का सर्वप्रथम वर्गीकरण किस विद्वान ने किया?**

1. डॉ.धीरेन्द्र वर्मा
2. डॉ.जॉर्ज ग्रियर्सन
3. डॉ.ए.एफ.आर.हर्नले
4. महावीर प्रसाद द्विवेदी

**Correct Answer :-**

- डॉ.ए.एफ.आर.हर्नले

**46) लक्षणों के आधार पर कौन-सा छंद दोहा का विपरीत माना जाता है?**

1. चौपाई
2. सोरठा
3. सवैया
4. छप्पय

**Correct Answer :-**

- सोरठा

**47) हिंदी की पहली महिला कहानीकार किसे माना जाता है?**

1. मन्नू भंडारी

2. बंग महिला

3. शिवरानी देवी

4. सुभद्रा कुमारी चौहान

**Correct Answer :-**

- बंग महिला

---

**48) हिंदी काव्य में जो छायावाद युग है, वही हिंदी उपन्यास एवं कहानियों के संदर्भ में ________ युग है।**

1. गाँधी युग

2. भारतेंदु युग

3. प्रेमचंद युग

4. जयशंकर प्रसाद युग

**Correct Answer :-**

- प्रेमचंद युग

---

**49) हिंदी भाषा __________ लिपि में लिखी जाती है।**

1. देवनागरी

2. देवनागेरी

3. देवागीरी

4. देवगिरी

**Correct Answer :-**

- देवनागरी

---

**50) हिंदी का पहला समाचार पत्र है?**

1. उदंत मार्तण्ड

2. सामदत्त मार्तण्ड

3. बंगाल गैज़ेट

4. बनारस अखवार

**Correct Answer :-**

- उदंत मार्तण्ड

---

**51) ग्राम्यत्व दोष कहाँ जाता है?**

1. जहाँ लोक या शास्त्र-विरुद्ध वर्णन हो।

2. जहाँ अलोकप्रचलित शास्त्रीय पारिभाषिक शब्द का प्रयोग होता है।

3. जहाँ अर्थ की प्रतीति में कष्ट हो।

4. जहाँ ग्रामीण बोलचाल के शब्दों का शिष्ट साहित्य में प्रयोग होता है।

**Correct Answer :-**

- जहाँ ग्रामीण बोलचाल के शब्दों का शिष्ट साहित्य में प्रयोग होता है।

---

**52) सबका निचोड़ लेकर तुम सुख से सूखे जीवन में ।**

**बरसो प्रभात हिमकन-सा आँसू इस विश्व सदन में ।। - प्रस्तुत पंक्तियाँ निम्न में किस की हैं।**

1. महादेवी वर्मा

2. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

3. सुमित्रानंदन पंत

4. जयशंकर प्रसाद

**Correct Answer :-**

- जयशंकर प्रसाद

---

**53) चिड़ीमार में कौन सा समास है?**

1. तत्पुरुष समास

2. कर्मधारय समास

3. द्वंद्व समास

4. द्विगु समास

**Correct Answer :-**

- तत्पुरुष समास

**54) सहृदय के हृदय में स्थित भावों को आस्वादन योग्य बनाने वाले उपादानों को __________ कहते हैं।**

1. व्यभिचारी भाव
2. विभाव
3. संचारी भाव
4. अनुभाव

**Correct Answer :-**

- विभाव

**55) 'छायावाद' शब्द का प्रथम प्रयोक्ता किसे माना जाता है?**

1. राधाकृष्ण गोस्वामी
2. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
3. जयशंकर प्रसाद
4. मुकुटधर पाण्डेय

**Correct Answer :-**

- मुकुटधर पाण्डेय

**56) 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' किस आचार्य द्वारा दी गई काव्य-परिभाषा है?**

1. आचार्य विश्वनाथ
2. आचार्य दण्डी
3. आचार्य मम्मट
4. पण्डित राज जगन्नाथ

**Correct Answer :-**

- आचार्य विश्वनाथ

**57) 'रिपोतार्ज' किस भाषा का शब्द है?**

1. अंग्रेजी

2. फारसी

3. फ्रांसीसी

4. संस्कृत

**Correct Answer :-**

- फ्रांसीसी

**58) 'तिरिछ' 'पाल गोमरा का स्कूटर' 'पीली छतरी वाली लड़की' 'मोहनदास' कहानियों के कहानीकार कौन हैं?**

1. अब्दुल बिस्मिल्लाह

2. ममता कालिया

3. उदय प्रकाश

4. राजेन्द्र यादव

**Correct Answer :-**

- उदय प्रकाश

**59) 'उसने कहा था' कहानी का नायक निम्न में से कौन है?**

1. सुबेदार हजारा सिंह

2. लहना सिंह

3. भगत सिंह

4. हरभजन सिंह

**Correct Answer :-**

- लहना सिंह

**60) 'राहों के अन्वेषी' निम्न में से किन कवियों को कहा जाता है?**

1. अष्ठछाप कवियों को

2. तारसप्तक के कवियों को

3. भारतेन्दु मंडल

4. निर्गुण कवियों को

**Correct Answer :-**

- तारसप्तक के कवियों को

---

**61) 'भाषा' शब्द किस धातु से बना है?**

1. भष
2. भाष
3. दश
4. अश

**Correct Answer :-**

- भाष

---

**62) 'गुनाहों का देवता' किसके द्वारा लिखित उपन्यास है?**

1. फणीश्वर नाथ रेणु
2. भीष्म साहनी
3. डॉ. नागेन्द्र
4. धर्मवीर भारती

**Correct Answer :-**

- धर्मवीर भारती

---

**63) 'कनक कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाय।**

**वा पाये बौराय जग खाये बौराए।' - इस दोहे में कौन-सा अलंकार है?**

1. रूपक
2. यमक
3. श्लेष
4. उदाहरण

**Correct Answer :-**

- यमक

**64) 'हिंदी' शब्द किस भाषा का है?**

1. अंग्रेजी

2. तुर्की

3. इरानी

4. अरबी

**Correct Answer :-**

- इरानी

**65) भक्तिकालीन किस काव्यधारा में 'परमात्मा' को 'स्त्री' तथा 'आत्मा' को 'पुरुष' रूप में चित्रित किया है?**

1. रामभक्ति काव्यधारा

2. सूफी काव्यधारा

3. कृष्णभक्ति काव्यधारा

4. ज्ञानाश्रयी काव्यधारा

**Correct Answer :-**

- सूफी काव्यधारा

**66) चौराहा में कौन सा समास है?**

1. तत्पुरुष समास

2. द्वंद्व समास

3. बहुब्रीहि समास

4. द्विगु समास

**Correct Answer :-**

- द्विगु समास

**67) Administration का हिंदी रूपान्तरण होता है?**

1. कार्यालय

2. प्रशासन

3. प्रशासकीय

4. अधिकारी

**Correct Answer :-**

- प्रशासन

---

**68) नायक का संधि विच्छेद कौन सा है?**

1. नय+अक

2. नैय+अक

3. नै+अक

4. ने+अक

**Correct Answer :-**

- नै+अक

---

**69) जिस वाक्य में एक क्रिया और एक कर्ता हो, उसे कौन सा वाक्य कहेंगे?**

1. विधान वाचक वाक्य

2. विधि वाचक

3. सरल वाक्य

4. संयुक्त वाक्य

**Correct Answer :-**

- सरल वाक्य

---

**70) प्रसिद्ध गीत 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंड़ा ऊँचा रहे हमारा' की रचना किस कवि ने की है?**

1. रामधारी सिंह 'दिनकर'

2. श्यामलाल पार्षद

3. हरिकृष्ण प्रेमी

4. सुभद्रा कुमारी चौहान

**Correct Answer :-**

- श्यामलाल पार्षद

**71) ब्रजभाषा किस क्षेत्र में बोली जाती है?**

1. मथुरा
2. मालवा
3. भोजपुर
4. मेवात

**Correct Answer :-**

- मथुरा

**72) भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाओं को मान्यता प्रदान की गई हैं।**

1. 20
2. 22
3. 24
4. 26

**Correct Answer :-**

- 22

**73) संस्कृत शब्दों से विकसित शब्दों को कहते हैं --**

1. देशज
2. तद्भव
3. तत्सम
4. विदेशज्

**Correct Answer :-**

- तद्भव

**74) एक अच्छे निबंध में कौन सी विशेषता नहीं होती है -**

1. अपनी बात कहकर दूसरों की बात भी सुनना चाहिए।

2. निबन्ध किसी निश्चित उद्देश्य तथा एक विषय को लेकर लिखा जाना चाहिए।

3. निबन्ध के अंतिम अनुच्छेद में ऊपर कही गई सभी बातों का सारांश होना चाहिए।

4. विचारों में परस्पर तारतम्यता होनी चाहिए।

**Correct Answer :-**

- अपनी बात कहकर दूसरों की बात भी सुनना चाहिए।

---

**75) नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन सा निबंध का गुण है?**

1. लयात्मकता

2. तुकांतता

3. संगीतात्मकता

4. विचारों की स्वाधीनता

**Correct Answer :-**

- विचारों की स्वाधीनता

---

**76) चंद्रधर शर्मा गुलेरी ने कुल तीन कहानियाँ लिखीं, वे हैं -**

1. शतरंज के खिलाड़ी, बुद्धू का काँटा और बड़े घर की बेटी

2. नमक का दरोगा, बूढ़ी काकी और कफन

3. सुखमय जीवन, बुद्धू का काँटा और उसने कहा था

4. उसने कहा था, प्रतिध्वनि, और सुखमय जीवन

**Correct Answer :-**

- सुखमय जीवन, बुद्धू का काँटा और उसने कहा था

---

**77) राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के संस्थापक थे?**

1. सरदार वल्लभाई पटेल

2. महात्मा गाँधी

3. पण्डित जवाहरलाल नेहरू

4. सी.गोपालाचारी

**Correct Answer :-**

- महात्मा गाँधी

**78) हिन्दी कविता में प्रयोगवाद का प्रवर्तन किस काव्य-संकलन से माना जाता है?**

1. दूसरा सप्तक
2. तारसप्तक
3. कुरुक्षेत्र
4. असाध्य वीणा

**Correct Answer :-**

- तारसप्तक

**79) हिन्दी में सॉनेट लिखने के लिए कौन-से कवि प्रसिद्ध हैं?**

1. केदारनाथ अग्रवाल
2. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
3. त्रिलोचन शास्त्री
4. नागार्जुन

**Correct Answer :-**

- त्रिलोचन शास्त्री

**80) अनुस्वार वास्तव में नासिक्य व्यंजन _____________ का प्रतिनिधि है।**

1. ङ्,ञ्,ण्,न्,म्
2. ङ्,ञ्,ण्,न्,भ
3. ङ,ञ,ण,न,म
4. म,न,अं,ड,द

**Correct Answer :-**

- ङ्,ञ्,ण्,न्,म्

**81) क्ष संयुक्त व्यंजन का निर्माण किन दो वर्णों के संयोग से हुआ है?**

1. क्+स

2. च+श

3. क्+ष

4. क्+श

**Correct Answer :-**

- क्+ष

**82) राजा-रानी में कौन सा समास है?**

1. अव्ययीभाव समास

2. तत्पुरुष समास

3. कर्मधारय समास

4. द्वंद्व समास

**Correct Answer :-**

- द्वंद्व समास

**83) थाह लेना - मुहावरे का अर्थ है?**

1. गोता लगाना

2. पता लगाना

3. वचन से मुकर जाना

4. डूब जाना

**Correct Answer :-**

- पता लगाना

**84) रीति सम्प्रदाय के प्रवर्तक किसे माना जाता है?**

1. वामन

2. उद्भट

3. अभिनवगुप्त

4. दण्डी

**Correct Answer :-**

- वामन

**85) कुप्पी, टोपी, नीर, पापड किस भाषा परिवार से हिंदी में आगत शब्द हैं?**

1. द्रविड भाषा परिवार
2. आर्य भाषा परिवार
3. सामी-हामी परिवार
4. चीनी-तिब्बती

**Correct Answer :-**

- द्रविड भाषा परिवार

**86) विभाषा से आशय है -**

1. राजभाषा
2. मातृभाषा
3. एक प्रांत की बोली
4. एक देश की भाषा

**Correct Answer :-**

- एक प्रांत की बोली

**87) 'उर्वशी' किसके द्वारा रचित है?**

1. रामधारी सिंह दिनकर
2. महादेवी वर्मा
3. सूर्य कान्त त्रिपाठी निराला
4. सुमित्रा नंदन पन्त

**Correct Answer :-**

- रामधारी सिंह दिनकर

**88) 'मृगनयनी' किसके द्वारा रचित है?**

1. रामधारी सिंह दिनकर

2. सोहन लाल द्विवेदी

3. श्याम नारायण पाण्डेय

4. वृन्दावन लाल वर्मा

**Correct Answer :-**

- वृन्दावन लाल वर्मा

---

**89) 'तमस' के लेखक कौन हैं?**

1. डॉ.नगेन्द्र

2. भीष्म साहनी

3. धर्मवीर भारती

4. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

**Correct Answer :-**

- भीष्म साहनी

---

**90) 'नई पौध' के लेखक कौन हैं?**

1. भीष्म साहनी

2. धर्मवीर भारती

3. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

4. नागार्जुन

**Correct Answer :-**

- नागार्जुन

---

**91) 'राग गोविन्द' किसके द्वारा रचित है?**

1. रसखान

2. सेनापति

3. भूषण

4. मीराबाई

**Correct Answer :-**

- मीराबाई

**92) 'सरल वाक्य' किस भेद के अंतर्गत आता है?**

1. मिश्र वाक्य की दृष्टि से किये गए भेद के अंतर्गत
2. संयुक्त वाक्य की दृष्टि से किये गए भेद के अंतर्गत
3. रचना की दृष्टि से किये गए भेद के अंतर्गत
4. अर्थ की दृष्टि से किये गए भेद के अंतर्गत

**Correct Answer :-**

- रचना की दृष्टि से किये गए भेद के अंतर्गत

**93) 'शिवा बावनी' के रचनाकार कौन हैं?**

1. घनानंद
2. नरपति नाल्ह
3. सेनापति
4. भूषण

**Correct Answer :-**

- भूषण

**94) 'समीकरण' का विलोम क्या होगा?**

1. समाधान
2. निराकरण
3. विषमीकरण
4. आलेख

**Correct Answer :-**

- विषमीकरण

**95) 'परिक्षण' का शुद्ध रूप निम्न में से कौन सा है?**

1. प्रक्षण

2. पीरक्षण

3. परीक्षण

4. परीक्षन

**Correct Answer :-**

- परीक्षण

**96) 'मधुशाला' काव्य के रचयिता कौन हैं?**

1. हरिवंश राय बच्चन

2. सुमित्रा नंदन पन्त

3. अमिताभ बच्चन

4. शैल चतुर्वेदी

**Correct Answer :-**

- हरिवंश राय बच्चन

**97) 'प्रयोजनमूलक हिंदी' को अंग्रेजी में क्या कहा जाता है।**

1. Functional Hindi

2. Official Language

3. Working Hindi

4. National Language

**Correct Answer :-**

- Functional Hindi

**98) 'संतोषी' का विलोम क्या होगा?**

1. संतुष्ट

2. असंतुष्ट

3. असंतोषी

4. असंतोष

**Correct Answer :-**

- असंतोषी

**99) 'पार्वती मंगल" किसके द्वारा रचित ग्रन्थ है?**

1. सूरदास
2. मालिक मुहम्मद जायसी
3. तुलसीदास
4. घनानन्द

**Correct Answer :-**

- तुलसीदास

**100) जो छात्र परिश्रम करेंगे उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। – इस वाक्य का सरल वाक्य होगा-**

1. परिश्रम ही छात्रों को सफलता दिलायेगी।
2. परिश्रमी छात्र अवश्य सफल होंगे।
3. क्योकि परिश्रमी छात्र सफल होंगे।
4. क्योकि छात्र ने परिश्रम किया इसलिए वह सफल हुआ।

**Correct Answer :-**

- परिश्रमी छात्र अवश्य सफल होंगे।